हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 25 जनवरी 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 14.2 डिग्री
न्यूनतम 8.2 डिग्री

4
खरीदी को केवल 3 दिन शेष कतार में 20 हजार किसान



स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय
सागर (म.प्र.)
प्रवेश प्राप्त करने का अंतिम अवसर
B.Ed D.Ed
नोट: शासकीय तथा अशासकीय टीचर जो जॉब में रहकर Part Time (Distance) B.Ed करने का सुनहरा अवसर
सम्पर्क : ज्ञानदीप एकेडमी अम्बिकापुर
पुराना बस स्टैण्ड के पास
मोबा.- 8839281593, 9174881569

## एनएच-43 में वाहन चालकों के लिए लगाया गया कैंप

# यातायात नियमों का पालन करने वालों का पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

34 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के नौवें दिन एनएच-43 में यातायात नियमों का पालन करते हुए हेलमेट लगाकर बाईक चलाने वालों को उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डी रविशंकर द्वारा गुलाब फुल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही बिना हेलमेट पहनकर बाईक चलाने वालों को हिदायत देकर चालान न करते हुये नये हेलमेट भेंट किए।

कुछ वाहन सवार जो बिना हेलमेट के वाहन चला रहे थे उन्हें हेलमेट खरीदने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जशपुर उमेश कुमार कष्यप, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जशपुर राजेश देवांगन, प्रशिक्षु पुलिस अधीक्षक श्री भानु प्रताप चंद्राकर यातायात प्रभारी निरीक्षक लव कुमार कंवर, सहायक उप निरीक्षक सुनेश्वर साय पैंकरा, रामनाथ रठिया एवं यातायात स्टाफ उपस्थित थे। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-43 में चलने वाले 28 व्यावसायिक वाहन चालकों का बीपी, शुगर, नेत्र परीक्षण किया गयास इस अवसर जिला चिकित्सालय जशपुर से डॉ.अमित तिर्की चिकित्सा अधिकारी, विवेक कुजूर स्टाफ नर्स, एलपी मांझी नेत्र सहायक रहे। हाईवे पेट्रोलिंग टीम द्वारा पेट्रोलिंग दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम घोलेंग, गम्हरिया, लोरो दोफा में दुपहिया चार पहिया वाहन चालकों को रोक-रोकर हेलमेट पहन कर दो पहिया वाहन चलाने, दो पहिया वाहन में तीन सवारी न बैठने, नशे की हालत में वहान न चलाने, तेज गति से वाहन न चलाने एवं चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने, तेज गति से वाहन न चलाने, हमेशा यातायात नियम का पालन करने की हिदायत दी गई। लगभग 300 व्यक्तियों को यातायात नियमों एवं संकेत के बारे में जानकारी दिया गया।

जिले में चलाए जा रहे यातायात जागरूकता हेतु अंजोर रथ ग्राम साप्ताहिक बाजार पतराटोली चौकी लोदाम में जाकर आम नागरिकों को यातायात नियमों एवं साइबर घटित होने से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।



चालकों को हेलमेट पहनाते एसपी।

## चित्रगुप्त मंदिर में मूर्ति स्थापना प्राण-प्रतिष्ठा कलशयात्रा से शुरू



**जशपुरनगर।** कायस्थ समाज द्वारा सारुडीह में निर्मित कराए गए श्री चित्रगुप्त भगवान के भव्य मंदिर में मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया।

तीन दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार और विधि विधान से पूजा अर्चना किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कायस्थ समाज के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंहा ने बताया,कार्यक्रम का शुभारंभ 24 जनवरी को कलश यात्रा से किया गया है। कायस्थ समाज की चित्रांश महिलाओं ने पक्कीदाड़ी से जल लेकर कलश यात्रा निकाली। यह कलश यात्रा महाराजा चौक, बस स्टैंड, पुरानी टोली होते हुए सारुडीह चौक स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा। जहां राजपुरोहितों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और विधिविधान से पूजा अर्चना शुरू किया गया। यहां राजपुरोहितों द्वारा गौरी गणेश पूजन, वेदी प्रतिष्ठा, जलाधिवास, अन्नाधिवास, फलाधिवास पश्चात आरती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंहा ने बताया कि श्री चित्रगुप्त भगवान मंदिर में भगवान श्री चित्रगुप्त जी और माता दुर्गा दोनो का मूर्ति स्थापना अलग अलग किया जा रहा है। राजपुरोहितों के द्वारा तीन दिवसीय पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन पौष शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा, दिन गुरूवार, 25 जनवरी को गौरी गणेश वेदी पूजन, शर्कराधिवास, शैय्याधिवास, शिखर कलश पूजन, इन्द्रध्वज पूजन, प्रसाद अभिषेक पश्चात आरती किया जाएगा ।

## खबर संक्षेप

### भजन साय बने मुख्यमंत्री के निज सहायक

**फरसाबहार।** रिटायर्ड जनपद सीईओ भजन साय को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की निजी स्थापना में लिया गया है शासन ने इस सम्बन्ध में पत्र जारी किया है छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार भजन साय, ग्राम तपकरा, जनपद पंचायत फरसाबहार, जिला-जशपुर (छ.ग.) को को-टर्मिनस आधार पर निज सहायक के पद पर नियुक्त कर मुख्यमंत्री के निजी स्थापना में उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक पदस्थ करता है। इनकी सेवा शर्तें बाद में जारी की जायेंगी।

### जिला अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन की सेवा शुरु



**जशपुरनगर।** जिला चिकित्सालय में सीटी स्कैन की सेवाएं भर्ती मरीजों व ओपीडी मरीजों कके लिए प्रारंभ कर दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना, आयुष्मान भारत योजना मद में स्वीकृत सीटी स्कैन 32 स्लाईस की स्थापना की गई है। जिला मुख्यालय में सीटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध होने से जिले के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। साथ ही अन्य जिला या बाहर जाना नही पड़ेगा। सीएचसी बगीचा में थैलेसीमिया के तीन बच्चों को चढ़ाया गया ब्लड

### बगीचा में ब्लड स्टोरेज का मरीजों को मिल रहा लाभ



**जशपुरनगर।** बगीचा विकासखण्ड के ब्लड ट्रांसफ्यूजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आज थैलेसीमिया के तीन अलग-अलग मरीज बच्चों को ब्लड चढ़ाया गया। जिसमें 6 वर्षीय ऋतिक, 5 वर्षीय नीरज और नीरव शामिल हैं। इनमें नीरज और नीरव जुड़वा बच्चे है। इस दौरान सूर्यरत्न गुप्ता विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, बीपी कश्यप एमएलटी तथा अन्य स्टाफ उपस्थित थे। बगीचा में ब्लड स्टोरेज केंद्र होने से आम जनता को राहत मिल रहा है। अब तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा में 58 ब्लड ट्रांसफ्यूजन हो चुका है।

### जनहानि के मामले में सहायता राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 02 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत मनोरा विकासखंड के ग्राम गीधा निवासी स्व. अमलसाय का तालाब के पानी में डुबने से 08 जून 2023 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पिता सुख राम हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं। इसी प्रकार ग्राम बहेरना निवासी विलन राम का कुआ के पानी में डूबने 22 सितम्बर को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के माता मंगरी बाई हेतु 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## आधार, आयुष्मान, राशन कार्ड व केसीसी सहित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हितग्राही

■ विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्रामों में शिविर का आयोजन

**जशपुरनगर।** जिले भर में जारी विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आमजनों को राज्य व केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभन्वित करने का सिलसिला जारी है। प्रतिदिन सैकड़ों लोग लाभन्वित किया जा रहा है। जिसमें हर वर्ग के लोग शामिल हैए जिन्हें विभिन्न योजनाओं सहित बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं भी मिल रही है।

यात्रा के तहत जिले के सभी विकासखंडों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में दुलदुला ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत सपघराए सिमड़ा और फरसाबहार के ग्राम पंचायत सिंगीबहार सहित अन्य ग्राम पंचायतों में पहुंची। जहां लोगों को यात्रा का उद्देश्य व केंद्र सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान आमजनों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलवाई गई। ग्राम पंचायत सिंगीबहार में आयोजित शिविर में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय शामिल हुई। इस दौरान ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने प्रेरित किया। साथ ही पात्र हितग्राहियों को निशुल्क गैस कनेक्शन वितरण किया। इसके अलावा कई हितग्राहियों को भी अन्य योजनाओं के हितलाभ वितरण किया। यहां आयोजित स्वास्थ्य शिविर में लोगों का टीबीण स्क्रीनिंगए हेल्थ चेकअप व सिकलसेल टेस्ट भी की गई।


शिविर में उपस्थित श्रीमती कौशल्या साय।

### अजा अजजा युवाओं को निःशुल्क वाहन प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, छ.ग. रायपुर द्वारा दिए गए निर्देशानुसार छग राज्य के गरीबी रेखा के नीचे (सर्वे 2002) निवासरत अनुसूचित जाति तथा जनजाति वर्ग के 18 से 35 आयु वर्ग के 8वीं उत्तीर्ण युवकों को निःशुल्क वाहन चालक प्रशिक्षण योजना नियम-2008 अन्तर्गत प्रशिक्षण प्रदान कराया जाना है, जिससे कि प्रशिक्षण उपरान्त प्रशिक्षणार्थी रोजगारोन्मुखी हो सकें। शर्तों के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के युवकों से आवेदन 30 जनवरी 2024 समय 5.00 बजे तक सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जशपुर के कार्यालय में रजिस्टर्ड पोस्ट या व्यक्तिगत उपस्थित हो कर जमा कर सकते हैं, निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नही किया जावेगा। आवेदन की निर्धारित प्रारूप इस कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है।

## प्राण प्रतिष्ठा पर लुदानिया परिवार ने किया विशाल भंडारा

**पत्थलगांव।** रामजन्म भूमि अयोध्याधाम में रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह होने के दौरान शहर भी पूरी तरह राममय हो गया। शहर में रामभक्तों ने जगह-जगह कार्यकम आयोजित कर माहोल को राममय बना दिया।

रामनवमी महोत्सव समिति द्वारा बस स्टैंड चौक पर बड़ी स्क्रीन लगाकर आम जनता को लाइव प्रसारण दिखाकर आरती कर प्रसाद वितरण किया एवं फटाखे फोड़ खुशियां मनाई,वही हनुमान मंदिर समिति ने भी हनुमान मंदिर मंडी में सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन कर रामलला के अयोध्या आगमन पर प्रसाद वितरित कर फटाखे फोड़ अपनी खुशियां जताई। वही राम युवा समिति के सदस्यों ने सप्ताह भर पूर्व से नगर के तीनो मार्गो को राम झंडा लगवा कर पूरे नगर को भगवामय कर दिया एवं लोगो से अपने-अपने घरों में भी झंडे लगाने आव्हान किए थे। प्राण-प्रतिष्ठा के तत्काल बाद प्रसाद लगाकर वितरण किया गया। साथ ही मंडी प्रांगण में धर्म प्रेमी राम,हनुमान भक्त व समाज सेवी लुदानीया परिवार द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। लुदानिया परिवार से रामचरण अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल,जग्गी अग्रवाल,श्यामलाल अग्रवाल,सतीश अग्रवाल,सुरेश अग्रवाल अनिल श्रीगरिका, बजरंग अग्रवाल,पवन अग्रवाल, बल्लू अग्रवाल, मनोजअग्रवाल (बिट्टू), मुकेश, मनीष, बंटू, विकाश छोटू,अमित, सुमित प्रतीक, अनमोल, नवीन, विक्की, टिनू,छोटू, नेहल, अक्षत सहित सभी परिवार के महिलाए बच्चे भी उपस्थित रहे। यहां पर विशेष बात यह रही की हर समाज के लोगों ने एवं सभी समिति के सदस्यों ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, मंडी दुर्गा समिति के संजू लोहिया मुन्ना शर्मा आदि सदस्यों ने भी सुबह से शाम तक अपना सहयोग प्रदान किया।



## एसडीएम ने ली प्राचार्यो की बैठक

**जशपुरनगर।** पत्थलगांव एसडीएम सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी ने आज शासकीय और निजी महाविद्यालयए आईटीआई और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सभी को अग्निवीर वायुसेना और थल सेना भर्ती नियमए प्रक्रिया से अवगत कराते हुए संबंधित प्रचार.सामग्री वितरित की। साथ ही अधिक से अधिक पंजीयन हेतु छात्र.छात्राओं को प्रेरित करने किया और संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षकों को भी पंजीयन हेतु प्रेरित करने के लिए निर्देशित किया गया।

### पत्थलगांव में मोटरसाइकिल चोर सक्रिय



**पत्थलगांव।** मंगलवार की रात को कोयला फेक्ट्री रोड पर एक घर से चोरों ने मोटरसाइकिल पार कर दिया। मोटरसाइकिल चोरों ने यहां लगातार पुलिस के नाक में दम कर रखा है। मंगलवार की रात को कोयला फेक्ट्री रोड पर एक घर से चोरों ने एच एफ डिलक्स ब्ळ 25 ब5403ए नम्बर की मोटरसाइकिल को पार कर दिया। सीसी टीवी में देखने से ऐसा लग रहा है जैसे चेहरा छुपाने के लिए कपड़ा बांध रखा हो। सीसीटीवी में चोर बड़े आराम से मोटरसाइकिल को चला कर जाते दिख रहा है। वाहन मालिक ने पुलिस में रिपोर्ट की है। अब देखना होगा कि पुलिस कब और कैसे मोटरसाइकिल चोर तक पहुचने में कामयाब हो पाती है। हर फिर बार की तरह पुलिस के हाथ से चोर दूर भागने में सफल हो जाते है। पत्थलगांव वासियों के लिए मोटरसाइकिल चोरों के आतंक ने काफी डरा रखा है।

## समाज निर्माण में बालिकाओं की भूमिका बेहतर

■ राष्ट्रीय बालिका दिवस पर नोनी जोहार

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शहर के वशिष्ट कम्युनिटी हॉल में आयोजित नोनी जोहार कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ रवि मित्तल एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डी रविशंकर शामिल हुए।

इस दौरान उपस्थित बालिकाओं को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ मित्तल ने कहा कि आज सभी क्षेत्र में बालिकाएं व महिलाएं न सिर्फ अपनी पहचान बना रहीं बल्कि समाज के बेहतर निर्माण में अपनी भूमिकाएं निभा रहीं है। ऐसे में आप खुद को और अपनी क्षमताओं को पहचानिए और लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करिए। सफलता जरुर मिलेगी। साथ ही प्रतिदिन लिखने का आदत भी डालिए जिससे आप खुद का बेहतर मूल्यांकन कर सके। अपने संबोधन के दौरान कलेक्टर डॉ मित्तल ने स्वामी विवेकानंद जी की बातों को कोट करते हुए कहा कि उठो जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य ना प्राप्त हो जाए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डी रविशंकर ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश की बेटियां हर फील्ड में अपना परचम लहरा रही हैं। सशक्त बेटियां ही मजबूत समाज का आधार है और स्वावलंबी होना सबसे जरूरी है। जब आप सभी खुद को विचारों और भावनाओं से मजबूत बना लेंगे तो सफलता जरुर मिलेगी।

आपलोगों की मदद के लिए हम हमेशा साथ है। यह कहते हुए उन्होंने सभी बालिकाओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जिले का गौरव बढ़ाने वाली बालिकाओं को कलेक्टर एवं एसएसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाली बालिकाओं में जिले से अंकिता,अंजलि कुजूर, रीना पैंकरा,एलिने लकड़ा, डोलेश्वरी, मनीषा भगत, प्रियंका चौहान, रूबी चौहान,जूही कुशवाहा व तेजल भगत सहित अन्य बालिकाएं शामिल हैं।






### विधायक ने ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम गजमा पहुंची। विकसित भारत संकल्प यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने भारी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रही जनसरोकर वाली योजनाओं के जानकारी देते हुए कहा कि अब किसी का भी कोई काम नहीं रूकेगा और प्रत्येक व्यक्ति विकास के साथ आगे बढ़ेगा। ये मोदी की गारंटी है इस विकसित भारत संकल्प यात्रा में हजारों की संख्या में आसपास के गांवों से ग्रामीण उपस्थित थे। साथ ही विधायक रायमुनी ने नशो मुक्त जीवन जीने की सलाह देते हुए कहा कि अगर ग्रामीण नशा से दूर रहना शुरू कर देंगे उनका विकास उसी दिन से शुरू हो जाएगा। नशा पूरे परिवार और आने वाली पीढ़ी की विकास में सबसे बढ़ी रूकावट बनकर खड़ी है। विधायक रायमुनी भगत ने नशा मुक्त जीवन जीने के लिए अपने प्रत्येक कार्यक्रम में आमजन को प्रोत्साहित करती आ रही है। विकसित भारत सकंल्प यात्रा में विधायक रायमुनी भगत के साथ पूर्व जिला पंचायत सदस्य कृपाशंकर भगत, शांति भगत, शाशिकला मिंज, सुषमा भगत, मनोज टोप्पो, कृष्ण कुमार बुनकर, मेघनाथ के अलावा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे।

## स्कूली बच्चों ने आकर्षक पीटी परेड एवं संस्कृतिक कार्यक्रम का रिहर्सल किया

# कलेक्टर व एसएसपी हुए शामिल, रणजीता स्टेडियम में होगा मुख्य समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

गणतंत्र दिवस के मौके पर जिलास्तरीय समारोह की बुधवार को नगर स्थित रणजीता स्टेडियम में फाइनल रिहर्सल की गई। इसमें सामूहिक परेड, बैण्ड, सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन, सामूहिक नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल इस रिहर्सल कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का मिनट टू मिनट तैयारियों का निरीक्षण किया।

मुख्य परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे,टू आईसी सूबेदार विकास कुमार नारंग के अगवाई में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल पुरुष, जिला पुलिस बल महिला, नगर सेना पुरुष, नगर सेना महिला, एनसीसी,एनएसएस, स्काउट गाइड के दस टुकड़ियां गणतंत्र दिवस समारोह के फाइनल रिहर्सल परेड किया। स्कूली बच्चों ने आकर्षक पीटी परेड एव संस्कृतिक कार्यक्रम का रिहर्सल किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शासन के दिए गए निर्देशों का पालन करने निर्देशित किया। रिहर्सल में मुख्य अतिथि का आगमन, ध्वजारोहण, मार्च पास्ट एव सलामी, कपोत उड्डयन, जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, शहिद परिवार का सम्मान, पुरस्कार वितरण आदि का रिहर्सल किया गया। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस जिला स्तरीय मुख्य समारोह में पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय मुख्य अतिथि होंगी। उन्होंने शासन द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों का पालन करते हुए गरिमामय एवं सादगी पूर्ण ढंग से कार्यक्रम मनाने संबंधित सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गणतंत्रदिवस मुख्य समारोह स्थल पर बैठक व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, गुब्बारे, बैंड इत्यादि अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करनें के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है।

गणतंत्र दिवस समारोह के फाइनल रिहर्सल एसपी डी रविशंकर, अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, जशपुर एसडीएम प्रशांत कुशवाहा सहित प्रशासन एव पुलिस विभाग के आला अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन, डीआर राठिया, जयेश सौरभ टोपनो के द्वारा किया गया।



### विधायक गोमती साय ध्वजारोहण कर लेंगी परेड की सलामी

जिले में 75 वां गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह रणजीता स्टेडियम ग्राउंड में मनाया जाएगा। मुख्य समारोह में पत्थलगांव विधायक गोमती साय ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगी । तत्पश्चात मुख्य अतिथि जनता के नाम मुख्यमंत्री द्वारा प्रेषित संदेश का वाचन करेंगी व देश के लिए शहीद हुए परिवारों को सम्मानित करेंगी। इसके साथ ही मुख्य समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। वहीं शासन की विभिन्न योजनाओं पर आधारित योजनाओं का झांकी के माध्यम से प्रदर्शित की जाएगी तथा जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

# पॉप आइकन सामंथा फॉक्स गिरफ्तार, विमान में हंगामा



**लंदन।** पॉप आइकन सामंथा फॉक्स को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे से म्यूनिख जाने वाले विमान में नशे में धुत होकर हंगामा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। 1980 के दशक की प्रमुख गायिका सामन्था फॉक्स ने ब्रिटिश एयरवेज के विमान में कथित तौर पर एक साथी यात्री के साथ विवाद किया था। रिपोर्ट्स के अनुसार, रनवे पर होने के बावजूद, घटना के जवाब में विमान को वापस गेट पर ले जाया गया। लंदन से म्यूनिख जा रही सामंथा फॉक्स का एक साथी यात्री के साथ झगड़ा हुआ, जिसके बाद कथित तौर पर उन्हें विमान से उतार दिया गया था। इससे उड़ान में देरी हुई और विमान में नशे में होने के संदेह में पॉप आइकन को गिरफ्तार कर लिया गया। सामंथा फॉक्स ने बाद में कहा कि वे जांच में मदद कर रही हैं और किसी भी व्यवधान के लिए उन्हें गहरा खेद है। विमान में सवार यात्रियों को उतारकर एक होटल में ठहराया गया। बाद में उन्होंने अगले दिन अपनी यात्रा फिर से शुरू की।

सामंथा फॉक्स कथित तौर पर ब्रिटिश एयरवेज की उड़ान में यात्रा करते समय एक अन्य यात्री के साथ बहस में उलझ गई थीं। हालांकि, विमान रनवे पर टैक्सी कर रहा था, इसे पुनर्निर्देशित किया गया और गेट पर वापस लाया गया। पुलिस रिपोर्टों में कहा गया है कि 50 साल की एक महिला, जिसकी पहचान बाद में फॉक्स के रूप में हुई, उन्हें विमान पर नशे में होने के संदेह में गिरफ्तार किया गया।

## टॉलीवुड


# एक्शन से भरपूर होगी दलपति विजय की आगामी फिल्म



**चेन्नई।** दलपति विजय की आगामी फिल्म 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' इस साल की सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के जरिए अभिनेता पहली बार वेंकट प्रभु के साथ काम करने जा रहे हैं। दलपति विजय की यह फिल्म घोषणा के बाद से ही चर्चा में है। वहीं, फिल्म के टाइटल और पोस्टर रिलीज के बाद फैंस इसे लेकर और उत्साहित हो गए हैं। हाल ही में, एक बातचीत के दौरान स्टंट मास्टर धिलिप सुब्बारायन ने अभिनेता दलपति विजय की आगामी फिल्म के बारे में कई दिलचस्प खुलासे किए। उन्होंने बताया कि वेंकट प्रभु कि यह फिल्म इमोशनल ड्रामा और एक्शन से भरपूर होगी। स्टंट मास्टर धिलिप सुब्बारायन ने कहा, 'वेंकट प्रभु की यह फिल्म एक इमोशनल ड्रामा और एक्शन फिल्म होगी। इस फिल्म को तकनीकी रूप से भी मजबूत और शानदार बनाया गया है। इस फिल्म के दो पोस्टर जारी किए गए, जिसमें विजय स्काइडाइविंग सूट के साथ नजर आए थे। उन्होंने आगे कहा, 'मैं फिलहाल कोई और फिल्म नहीं कर रहा हूं, क्योंकि इस फिल्म के लिए 90 दिनों के बैक टू बैक छोटे-छोटे एक्शन कार्यों पर काम कर रहा हूं, अब तक चार सीक्वेंस पूरे हो चुके हैं।' 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' में माइक मोहन, प्रशांत, प्रभु देवा, स्नेहा, लैला, जयराम, मीनाक्षी चौधरी और योगी बाबू जैसे कलाकारों की टोली भी शामिल है। फिल्म में वेंकट प्रभु के भाई प्रेमगी, वैभव, अरविंद आकाश और अजय राज जैसे उनके निरंतर सहयोगी भी हैं। यह फिल्म एजीएस एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित और वेंकट प्रभु द्वारा निर्देशित है। दलपति विजय को आखिरी बार इस साल लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित लियो में देखा गया था। फिल्म में तृषा कृष्णन, संजय दत्त, अर्जुन सरजा, गौतम वासुदेव मेनन, मैसस्किन, मैडोना सेबेस्टियन, सैंडी मास्टर और कई अन्य लोग प्रमुख भूमिकाओं में थे। फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया। हालांकि, अभिनेता ने यह खुलासा नहीं किया है कि वेंकट प्रभु की फिल्म पूरी करने के बाद उनका अगला प्रोजेक्ट क्या होगा।

## छॉलीवुड

# " दूल्हा राजा " छत्तीसगढ़ के साथ चेन्नई, महाराष्ट्र व मप्र में भी




**रायपुर।** बहुप्रतीक्षित छत्तीसगढ़ी फिल्म " दूल्हा राजा " को छत्तीसगढ़ के अलावा चेन्नई, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में भी एक साथ 26 जनवरी को रिलीज किया जा रहा है। संभवतः यह पहला मौका होगा, जब कोई छत्तीसगढ़ी फिल्म एक साथ दूसरे राज्यों में भी रिलीज की जा रही है। फिल्म के लेखक,निर्देशक निर्माता और अभिनेता राज वर्मा का कहना है कि हमारे छत्तीसगढ़ी दर्शक आज देश के हर हिस्से में हैं और देश के कई हिस्सों में छत्तीसगढ़ी को अच्छी तरह लोग समझते हैं। इसलिए उनका प्रयास है कि यह फिल्म ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर फिल्म के ट्रेलर एवं गानों को दर्शक भरपूर प्यार दे रहे जिससे लाखों में व्यूस मिल रहे है। राज वर्मा ने बताया फिल्म की कहानी पूरी तरह से पारिवारिक है , छत्तीसगढ़ में लगातार लव स्टोरी पर फ़ल्मिें बन रही है पर इस फिल्म से बहुत समय पश्चात छत्तीसगढ़ की जनता को एक कॉमेडी से भरपूर सामाजिक परिवेश की फिल्म देखने को मिलेगा साथ ही फिल्म में दहेज़ कुप्रथा के खिलाफ एक सकारात्मक सन्देश भी दिया गया है। ऐसा पहली बार है जब फिल्म में एक साथ छत्तीसगढ़ी सिनेमा के बड़े बड़े कलाकरों ने काम किया है। इस फिल्म के स्टार कास्ट में राज वर्मा , काजल सोनबेर , मनमोहन सिंह ठाकुर , अंशु दास मानिकपुरी, संजय महानंद , हेमलाल कौशल , शैलेन्द्र भट्ट , प्रदीप शर्मा , उपासना वैष्णव , अनुराधा दुबे , क्रांति दीक्षित , सोहैल खान और मनीषा वर्मा सहित अन्य प्रमुख भूमिकाओं में है। इस फिल्म में आठ अलग अलग विधा के खूबसूरत गाने हैं , जिसमे कर्मा , बिदाई , गोद भराई , मेहंदी , जस गीत , रैप सांग , के साथ राज गीत जैसी पारम्परिक छत्तीसगढ़ महतारी जैसा गाना भी है।

## हांगकांग की चमक

फैशन की दुनिया में हांगकांग की अलग चमक है। इस साल एचकेटीडीसी हांगकांग फैशन वीक 20 से 23 अप्रैल तक हांगकांग कन्वेंशन और प्रदर्शनी केंद्र हांगकांग में आयोजित किया जाएगा। जिसमें उपभोक्ता सामान, शहरी परिधान, जूते, कपड़े, फैशन क्षेत्रों से संबंधित अंतरराष्ट्रीय कंपनियों की हिस्सेदारी रहेगी। इसकी तैयारियां जोरों पर हैं। इस फैशन शो में दक्षिण एशिया का टैलेंट पूरी दुनिया के सामने नुमाया होगा।




# नहीं नजर आएंगी झुर्रियां जब इस फूल की पत्तियों का करेंगी इस्तेमाल



चेहरे पर जब झुर्रियां नजर आने लगती हैं तो इससे हमारा कॉन्फिडेंस लो हो जाता है। इसलिए आपको समय रहते इसको सही करने का नुस्खा ट्राई करना चाहिए। आप चाहे तो गुलाब की पत्तियों से फेस पैक तैयार (स्किन केयर रूटीन) कर सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले आपको गुलाब की पत्तियों को तोड़कर पानी से साफ कर लें। अब इसे एक मिक्सी में 1 चम्मच एलोवेरा जेल डालकर अच्छे से पीस लें। इसके बाद छलनी की मदद से छान लें। फिर जो इसमें से थीक पेस्ट निकलेगा उसे चेहरे पर लगाएं। करीब 30 मिनट तक चेहरे पर लगा रहने दें। इसके बाद पानी की मदद से चेहरे को साफ कर लें। इस तरीके से आपका चेहरा साफ हो जाएगा, साथ ही झुर्रियों की समस्या दूर हो जाएगी। अगर आपको झुर्रियों को कम करना है तो इसके लिए गुलाब (स्किन केयर टिप्स) की पत्तियों से टोनर तैयार करें। इसे बनाने के लिए पत्तियों को अच्छे से पीस लें और इसका पानी अलग कर लें।

## गुलाब की तरह सुर्ख लाल हो सकते हैं होंठ



होंठों की त्वचा बहुत ज्यादा नाजुक और पतली होती है। आपकी जरा-सी लापरवाही या अन्य किसी भी फैक्टर के कारण होंठ सूखने और फटने लगते हैं। यदि आप होंठों पर बार-बार जीभ लगाते हैं या फिर पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पीते, तो भी होंठ फटते हैं। नारियल का तेल आपके फटे हुए होंठों का इलाज कर सकता है। इसके लिए पहले कच्ची हल्दी को आंच में सेक लें और फिर उसे एक कटोरी में कद्दूकस कर लें। नारियल के तेल को गुनगुना करें और इसे हल्दी में डालकर मिला लें। इसके बाद तेल में शहद और एलोवेरा जेल मिलाकर मिक्स करें। इस लिप मास्क को एक गिलास कंटेनर में स्टोर करके फ्रिज में रख सकते हैं। सबसे पहले एक कटोरी में चीनी और नींबू का रस डालकर स्क्रब बनाएं। अपने होंठों पर यह स्क्रब लगाकर हल्के हाथों से 1 मिनट रगड़ें और फिर टिश्यू से साफ कर लें।
यदि होंठ ज्यादा फटे हैं, तो बहुत तेज स्क्रब करने से बचें।

# देसी लुक को बनाना है खास तो चुनें ब्लाउज के ये स्टाइलिश





स्टाइलिश लुक पाने के लिए आपको बॉडी टाइप और लुक के अनुसार ही ब्लाउज को चुनना चाहिए। साड़ी से लेकर लहंगे तक के साथ कई तरह के ब्लाउज को पहना जाता है और इसमें आपको कई रेडीमेड डिजाइंस भी देखने को मिल जाएंगे। वहीं हम अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए फंक्शन के हिसाब से ब्लाउज को चुनते हैं। खासकर हल्दी लुक के लिए कई बार हम ब्लाउज चुनते समय काफी कंफ्यूज हो जाते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं हल्दी लुक को खास बनाने के ब्लाउज के ये स्टाइलिश डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के ये आसान टिप्स।

### क्रॉप टॉप स्टाइल ब्लाउज डिजाइन

धोती स्टाइल लुक को हल्दी फंक्शन में कैरी करने का सोच रही हैं तो इस तरीके से आप क्रॉप टॉप स्टाइल ब्लाउज को पहन सकती हैं। स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप दुपट्टे की जगह श्रृग या केप स्टाइल कर सकती हैं। इसके अलावा आप चाहे तो ब्लाउज के लिए बैकलेस डिजाइंस को चुनें। आप चाहे तो इस तरह के ब्लाउज में लेस वर्क करवा सकती हैं।

### प्लेन ब्लाउज डिजाइन

इस तरह का ब्लाउज आप हैवी वर्क वाली साड़ी या लहंगा स्कर्ट के साथ पहन सकती हैं। इस लुक के साथ आप कोशिश करें कि ज्वेलरी को हैवी डिजाइन की चुनें। ऐसा करने से आपका लुक स्टाइलिश और हल्दी लुक के लिए परफेक्ट नजर आएगा। बालों के लिए फ्रंट ब्रेड हेयर स्टाइल करें। इस तरह के ब्लाउज को सिलवाने के लिए आप साटन का फैब्रिक चुन सकती हैं।

### मिरर वर्क ब्लाउज डिजाइन

हल्दी लुक में सबसे ज्यादा मिरर वर्क के डिजाइन वाले ब्लाउज को सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। बोल्ड लुक पाने के लिए आप बैक के डिजाइन के लिए डोरी लगवाकर इसमें लटकन स्टाइल कर सकती हैं। वहीं इस तरीके का ब्लाउज आप शरारा से लेकर साड़ी तक के साथ पहन सकती हैं। इस तरह के लुक के साथ आप चांदबाली इयररिंग्स पहन सकती हैं।

# फिश कट लहंगा अपनाएं दुपट्टे के साथ, निखरेगी खूबसूरती



शादियों का सीजन चल रहा है ऐसे में हर कोई अपने लिए लेटेस्ट डिजाइन के कपड़ों की शॉपिंग कर रहा है। किसी को डिजाइनर साड़ी पहनने का मन है तो कोई लेटेस्ट डिजाइन के लहंगा वियर करना चाहता है। आजकल लहंगा डिजाइन में सबसे ज्यादा ट्रेंड में है फिश कट लहंगा। ये दिखने में काफी स्टाइलिश होता है और बिना दुपट्टे के आप इसे आसानी से वियर कर सकती हैं। लेकिन अगर आपको दुपट्टा लेना जरूरी है तो यहां बताए गए हैक्स आपको ट्राई करने चाहिए ताकि आप दुपट्टा भी पहन सके और लुक भी खराब न हो।

### कैप स्टाइल में दुपट्टा करें ड्रेप

अगर आपको फिश कट लहंगा में दुपट्टा स्टाइल करना है तो इसे आप कैप स्टाइल में ड्रेप कर सकती हैं। ये श्रग जैसे लुक देगा। इसके लिए आपको दुपट्टे को पीछे कंधे पर पिन की मदद से सेट करना है। अब जो आगे कॉनर दिए गए हैं उन्हें हाथों के बीच में से निकालकर सेट करना है। इस तरीके से कैप स्टाइल दुपट्टा आप फिश कट लहंगे के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

### प्री ड्रेप साड़ी स्टाइल में करें वियर

फिश कट लहंगा वियर करने के बाद आपकी बॉडी शेप काफी अच्छी (पल्लू बनाने का तरीका) लगती है। ऐसे में आप इसे छुपाने की बजाए प्री ड्रेप साड़ी की तरीके से दुपट्टा स्टाइल करके हाईलाइट कर सकती हैं। इसके लिए आपको जैसे पल्लू की प्लीट्स बनाते हैं वैसे इसे पिन करना है। फिर इसे पीछे कमर पर टक करना है। अब इसे खुला छोड़ने की बजाए प्लीट्स बनाकर पिन की मदद से पिन करना है ताकि ये आपके पूरे लुक को खराब न करें। इस तरीके से आप दुपट्टे को ड्रेप कर सकती हैं।

# व्हाइट कुर्ती के साथ वियर करें ये इयररिंग्स, लुक लगेगा परफेक्ट

रिपब्लिक डे पर अगर आप व्हाइट कुर्ती वियर कर रही हैं तो इसके साथ आपको इन इयररिंग्स को जरूर ट्राई करना चाहिए। रिपब्लिक डे आने वाला है ऐसे में हर कोई देश भक्ति के रंग में रंगा नजर आता है। इस दिन कोई ऑरेंज और ग्रीन पहना नजर आता है, तो किसी को व्हाइट के साथ कॉन्ट्रास्ट करके कपड़े पहनना पसंद होता है।



### मल्टीकलर इयररिंग्स

जब आप बाजार में इयररिंग्स खरीदने जाएंगी तो इसके लिए काफी सारे अच्छे ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें आप ट्राई कर सकती हैं। इसमें आप झूमका स्टाइल इयररिंग्स को वियर कर सकती हैं। इस तरीके के इयररिंग्स व्हाइट कलर की कुर्ती के साथ काफी अच्छे लगेंगे। इसमें कलर ऑप्शन आप अपने कुर्ते और दुपट्टे से मैच करके खरीद सकती हैं। मार्केट से लेने पर ये आपको 100 से 200 रुपये में मिल जाएंगे।

### ग्लॉस वर्क इयररिंग्स

अगर आपको थोड़े हैवी इयररिंग्स पहनना पसंद है तो आप इस तरीके के ग्लॉस वर्क इयररिंग्स को स्टाइल (ऑफिस के लिए इयररिंग्स डिजाइन) कर सकती हैं। यह दिखने में काफी सुंदर लगते हैं और कुर्ती के साथ वियर करने पर काफी अच्छे लगते हैं। इस तरीके के इयररिंग्स में आपको तिरंगा कलर मिल जाएगा। मार्केट से खरीदने पर ये आपको 200 से 300 रुपये में मिल जाएंगे। जिन्हें आप रिपब्लिक डे पर पहन सकती हैं।

### थ्रेड वर्क इयररिंग्स

अगर आपको सिंपल लुक क्रिएट करना है तो ऐसे में आप व्हाइट कलर कुर्ती के साथ थ्रेड वर्क इयररिंग्स को वियर कर (झुमका इयररिंग्स) सकती हैं। इसमें आपको थ्री लेयर में ये राउंड शेप डिजाइन मिलेंगे। जिसमें तिरंगे के कलर की तरह थ्रेड लगे हुए होंगे। इस तरीके के इयररिंग्स लाइट वेट होते हैं इसलिए आपको इन्हें पहनने में कोई दिक्कत भी नहीं होगी। इसे आप ट्राई कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

## आउटफिट कॉम्बिनेशन से आप भी दिख सकते हैं स्टाइलिश

# स्टाइल के साथ चाहते हैं कुछ नया करना तो ये आउटफिट ही आएंगे आपके काम

*जनवरी माह समाप्ति की ओर है और फरवरी आने वाला है। ऐसे में वेलेंटाइन वीक का यूथ को इंतजार रहता है। प्यार करने वाले तोहफा खरीदने से लेकर खुद को तैयार करने में व्यस्त हो जाते हैं। क्योंकि ऐसे मौसम में खुद को स्टाइलिश कौन नहीं बनाना चाहेगा। ऐसे बहुत से लड़के हैं, जो अपनी स्टाइल के साथ कुछ नया करना चाह रहे होंगे! इनकी मदद से अपने आप को स्टाइलिश बना सकते हैं।*

*ब्लेजर, सॉलिड टी-शर्ट और कैनवास शूज*

*अभी सर्दी पूरी तरह गई नहीं है। इसलिए स्टाइल के साथ-साथ ठंड से भी बचना जरूरी है। आपका ऐसे वक्त में लेयरिंग करना सही साबित हो सकता है।*



इससे आपका लुक निखरेगा और सर्दी से भी बच सकते हैं। आपको इसके लिए बस इन तीन चीजों को पहनना होगा। ब्लेजर, सॉलिड टी-शर्ट और कैनवास शूज को पहनें। इसके लिए ध्यान रखें कि ब्लेजर और पैंट की मैचिंग परफेक्ट हो। इसके साथ कोई सॉलिड टी-शर्ट और कैनवास शूज पहन सकते हैं।
इसके साथ मेटल चेन भी अच्छी लगेगी।

### हूडीज, जींस और व्हाइट स्नीकर

अगर आपको फंकी लुक अच्छा लगता है तो इस तरह के गेटअप में जाएं। ये परफेक्ट लुक देने के लिए काफी है। हूडीज, जींस और व्हाइट स्नीकर को पहनकर भी डेट पर जा सकते हैं। मगर ध्यान रखें कि कलर बहुत चटख नहीं होना चाहिए। क्योंकि वैसे रंग के कपड़ों को पहनकर डेट पर जाना सही नहीं माना जाता है।



### चिनोज, शर्ट और लोफर

अगर आप जींस, शर्ट और स्नीकर नहीं पहनना चाहते हैं तो ये आउटफिट कॉम्बिनेशन सही रहेगा। इस तरह के लुक में आप बहुत स्टाइलिश नजर आएंगे। बस आपकी मैचिंग सही होनी चाहिए। तब जाकर परफेक्ट लुक मिल सकता है। चिनोज, शर्ट और लोफर पर पर्सनैलिटी निखरकर आती है। आप इस ड्रेस में बेहद अट्रैक्टिव और कूल दिखेंगे।

### कैजुअल पैंट, टी-शर्ट और स्नीकर्स

अगर आपको अधिक कपड़े पहनने पसंद नहीं हैं तो ऐसे में क्या करें। इसके लिए आपको कैजुअल पैंट, टी-शर्ट और स्नीकर्स कैरी करना चाहिए। इस तरह के लुक में भी डेट पर जा सकते हैं। हां, मगर इस तरह के ड्रेस को पूरे आत्मविश्वास के साथ पहनें। ऐसे आउटफिट के साथ अपनी कलाई को सूनी न रखें। एक स्पोर्ट वॉच या लेदर बेल्ट वॉच पहन सकते हैं।

### जींस, टी-शर्ट, डेनिम जैकेट और स्नीकर्स

अगर चटख कलर को भी पहनना है तो इस तरह से कैरी करें। जैसे कि यहां पर विकी कौशल ने किया है। सिंपल जींस, सॉलिड टी-शर्ट और मस्टर्ड कलर की जैकेट पहनें। इसमें आप क्या गजब के दिखेंगे। वाकई इस लुक में आपको देखकर देखने वाला इंप्रेश हो सकता है। यहां पर बताए गए आउटफिट कॉम्बिनेशन उन पुरुषों के लिए हैं।



# अब ओटीटी प्लेटफार्म पर धमाल मचाएगी सैम बहादुर

**मुंबई।** फिल्म सैम बहादुर अब ओटीटी पर आने के लिए तैयार है। सिनेमाघरों में सैम बहादुर 1 दिसंबर को रिलीज हुई थी। मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी फिल्म गणतंत्र दिवस के मौके पर ओटीटी पर आएगी। फिल्म को जी पर देख सकेंगे। जी ने फिल्म के एक पोस्टर के साथ लिखा, एक दूरदर्शी लीडर, लीजेंड और एक सच्चा हीरो, सैम आपकी स्क्रीन पर राज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सैम बहादुर का प्रीमियर 26 जनवरी को जी5 पर होगा। सैम बहादुर की कहानी मेघना गुलजार और भवानी अय्यर ने लिखी है। फिल्म में विकी कौशल, सान्या मल्होत्रा, फातिमा सना शेख और मोहम्मद जीशान अय्यूब हैं।

लाइफ Style

# अनन्या

## रैंप वॉक करते हुए ट्रोल हुईं

एजेंसी ▶▶ मुंबई


एक्ट्रेस अनन्या पांडे अक्सर ही चर्चा में बनी रहती हैं। अनन्या इन दिनों पेरिस में हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस पेरिस फैशन वीक का हिस्सा बनी। इस मेगा फैशन इवेंट से उनका वीडियो सामने आया है। वीडियो सामने आने के बाद एक्ट्रेस को उनकी ड्रेस को लेकर ट्रोल किया जा रहा है।

सोशल मीडिया पर अनन्या पांडे की तुलना लोग उर्फी जावेद से करते नजर आ रहे हैं। एक्ट्रेस ने ब्लैक सीक्वेंस मिनी ड्रेस कैरी की है। इसके साथ ही उन्होंने हाथ में चलनी पकड़ रखी है, जो उनकी ड्रेस से ही जुड़ी हुई है। इसे पकड़े हुए वह रैंप वॉक करती नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर लोग उनका खूब मजाक उड़ा रहे हैं। एक्ट्रेस के वीडियो पर एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा कि ष्उर्फी जावेद भी इससे अच्छे कपड़े पहनती है। एक यूजर ने लिखा मच्छरदानी पहनकर कहा जा रही हो।

एक ने लिखा कि करवा चौथ का मॉडर्न वर्जन। वहीं अनन्या ने एक बातचीत में खुलासा किया कि जब उनकी तस्वीरें, जो पब्लिक में शेयर करने के लिए नहीं होती हैं वह सोशल मीडिया पर वायरल हो जाती हैं तो इससे उन पर कोई असर नहीं पड़ता है। उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कह सकती कि ये मुझे परेशान करता है। एक्टर के रूप में हमने खुद इसके लिए साइन अप किया है। यह होने जा रहा है और लोग इसके लिए उत्सुक होंगे। अनन्या के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह पिछले साल फिल्म ड्रीम गर्ल 2 में नजर आई थीं। इसके बाद वो खो गए हम कहां में नजर आईं।



हॉलीवुड मसाला



# बढ़े वजन का पोस्ट वायरल...

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकन सिंगर सेलेना गोमेज अपने गानों की वजह से चर्चा में रहती हैं लेकिन उनकी पर्सनल लाइफ भी खूब हाइलाइट रहती है। फिर चाहे वो नए बॉयफ्रेंड को पब्लिकली लिप किस करना हो या फिर अब अपने बढ़े वजन को पॉजिटिव तरीके से हैंडल करना हो। सेलेना ने हाल ही में सोशल मीडिया का सहारा लेकर अपने बढ़े वजन को लेकर पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने जितनी खूबसूरती से अपनी बॉडी में आए बदलाव को एक्सेप्ट किया है, उसकी फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं।



# टॉप पर टेलर, दर्ज हुए 69 रिकॉर्ड...

**लॉस एंजेलिस।** गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक लिस्ट जारी की है। इस सूची में गिनीज बुक ने हॉलीवुड की महिला गायकों के रिकॉर्ड की जानकारी साझा की है। बता दें कि इस लिस्ट में टेलर स्विफ्ट शीर्ष पर हैं। टेलर के नाम कुल 69 रिकॉर्ड दर्ज हैं। दूसरे नंबर पर एडेल हैं। उनके नाम कुल 44 रिकॉर्ड दर्ज हैं। इस लिस्ट में कोलंबियाई गायिका शकीरा तीसरे नंबर पर हैं। शकीरा के नाम 21 गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हैं। बेयॉन्से 20 रिकॉर्ड के साथ चौथे स्थान पर हैं। मैडोना इस लिस्ट में पांचवें नंबर पर हैं। मैडोना के नाम 16 रिकॉर्ड हैं। पोस्ट को कैप्शन देते हुए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने लिखा, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स खिताबों के प्रभावशाली संग्रह के साथ संगीत की रानियों का अनावरण!




# 14 जून को रिलीज होगी इमरजेंसी

**मुंबई।** एक्ट्रेस कंगना रनौत इन दिनों अपनी अपकिंग फिल्म इमरजेंसी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। फिल्म में कंगना रनौत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में हैं। ये फिल्म भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की सबसे विवादास्पद घटना इमरजेंसी पर बेस्ड है, जो इंदिरा गांधी के इर्दगिर्द घूमती नजर आएगी। वहीं अब कंगना ने फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म इमरजेंसी की रिलीज की घोषणा कर दी है। इसी पोस्ट में अखबार के पन्नों पर जहां इमरजेंसी की खबरें दिख रही हैं। पोस्टर शेयर करते हुए कंगना ने कैप्शन में लिखा कि भारत के अंधेरे काल के पीछे की कहानी खुलने जा रही है। इमरजेंसी 14 जून को रिलीज होने जा रही है। कंगना ने आगे लिखा कि इमरजेंसी मेरा सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है।



# सैफ हुए अस्पताल से डिस्चार्ज...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान को लेकर बीते दिन हैरान कर देने वाली खबर सामने आई थी। उन्हें अपनी लेटेस्ट फिल्म की शूटिंग के दौरान चोट लग गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक पुरानी चोट की ट्राइसेप सर्जरी के लिए एक्टर को मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। हालांकि अब एक्टर को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। एक्टर ने अब खुद मीडिया से बात करते हुए अपनी हेल्थ अपडेट के बारे में बताया। एक्टर ने कहा कि फिल्म देवारा के लिए एक एक्शन सीक्वेंस शूट करते हुए मैं बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उस दौरान तो मुझे ज्यादा पता नहीं चला। मुझे लगा सब ठीक है काम हो जाएगा। एक बार मैं वर्कआउट कर रहा था तो दर्द बढ़ गया। इसके बाद दर्द बढ़ता ही चला गया।

# थ्रिलर शो शैतानी रस्में में शेफाली ने खुद किए खतरनाक स्टंट...

**मुंबई।** हाल ही में लॉन्च हुए वेडिंग फैंटेसी थ्रिलर शो शैतानी रस्में में कपालिका के किरदार के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री शेफाली जरीवाला, हर दिन अपने बेहतरीन प्रदर्शन से



दर्शकों का दिल जीतने में कोई कमी नहीं छोड़ रही हैं। एक ओर जहां किसी सीन को और बेहतरीन बनाने के लिए इसमें बॉडी डबल और स्टंट कलाकारों की मदद ली जाती है वहीं शेफाली जरीवाला ने इस शो में अपने स्टंट खुद किए हैं। शेफाली ने शैतानी रस्में शो में अपने किरदार और इस शो से जुड़ी कई बातों को उजागर करते हुए शूटिंग के अनुभवों को साझा किया। शेफाली ने कहा, इस शो के सेट पर हर दिन मुझे बहुत रोमांचक महसूस होता है। यह हमारे लिए एक सामान्य शूटिंग नहीं होती है। इस दौरान मैं कई अनोखे स्टंट करने में व्यस्त होती हूं, जहां कभी मैं पेड़ पर चढ़ती हूं तो कभी किसी दीवार पर और यह मेरे लिए बहुत मजेदार अनुभव होता है। मैं अपने स्टंट खुद करना पसंद करती हूं क्योंकि यह मेरे जज़्बे को बढ़ाने में मेरी मदद करता है और यह भरोसा देता है कि मैंने उस सीन को सही तरीके से निभाया है। ऐसा करने से मुझे किरदार की परतों को खोलने और इसे सीखने में और मदद मिलती है।

# ‘रब से है दुआ’ को अलविदा कहेंगी

**मुंबई।** अदिति शर्मा आज टीवी की दुनिया में किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई है। अदिति शर्मा बीते काफी समय से टीवी के पॉपुलर शो रब से है दुआ में नजर आ रही थीं लेकिन अब वह जल्द ही इस शो को अलविदा कहने जा रही हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में दिए अपने एक इंटरव्यू में शो छोड़ने के बारे में खुलकर बात की है। अदिति ने बताया कि अब वह जल्द ही सीरियल रब से है दुआ को अलविदा कहने वाली हैं।एक्ट्रेस ने



बताया कि सीरियल में एक लंबा लीप आने वाला है, जिसके बाद वह शो का हिस्सा नहीं रहेंगी। अदिति के मुताबिक मेकर्स ने उन्हें शो में डबल रोल निभाने का ऑफर किया था लेकिन उन्होंने उस ऑफर को ठुकरा दिया। अदिति कहती हैं, मुझे लगा हफ्ते के सात दिन काम करना बहुत मुश्किल होगा। बिना किसी ब्रेक के सात दिन शूट करना मेरे लिए मुमकिन नहीं था। उसके साथ ही मेकर्स के दिमाग में शो को लेकर अलग तरह के प्लान हैं। इन सब वजहों को ध्यान में रखते हुए मैंने शो छोड़ने का फैसला किया।

# फिल्म ‘बड़े मियां छोटे मियां’ का नया पोस्टर आउट ...

**मुंबई।** बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के नए पोस्टर में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ एक्शन से भरपूर बैकग्राउंड के बीच मशीन गन से फायर करते हुए दिख रहे हैं। पोस्टर में टाइगर और अक्षय अपनी मसल्स दिखा रहे हैं और एक सिक्के के दो पहलू की तरह खड़े हैं और गोलियां चला रहे हैं। बैकग्राउंड में मिसाइलें और हेलीकॉप्टर देखे जा सकते हैं। अक्षय ने पोस्टर को कैप्शन दिया, जब दुनिया को



बचाने की बात आती है, तेरे पीछे तेरा यार खड़ा है। टाइगर ने वही पोस्टर और कैप्शन साझा किया। फिल्म का टीजर 24 जनवरी को सुबह 10 बजे रिलीज होगा। फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है और यह अप्रैल में ईद पर रिलीज होगी। बता देंए अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की बड़े मियां छोटे मियां की शूटिंग भारत के अलावा स्कॉटलैंड, लंदन और यूएई में हुई है।

# डीपफेक का शिकार हुईं कैट वीडियो वायरल, दिखीं तुर्की बोलते



*मुंबई। एक्ट्रेस कैटरीना कैफ का डीपफेक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में वो एकदम सहजता के साथ तुर्की भाषा बोलती दिख रही हैं। दरअसल यह वीडियो साल 2014 का है। जब कैटरीना और ऋतिक रोशन की फिल्म बैंग बैंग रिलीज हुई थी। यह वीडियो इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान का है। एक्टर के फैन ने इस 10 साल पुराने वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, अगर आप तुर्की भाषा बोलते तो ऐसा होता।*

# सामने आया सुष्मिता की आर्या का ट्रेलर, शेरनी बनी नजर आईं अभिनेत्री



**मुंबई।** सुष्मिता सेन की चर्चित वेब सीरीज आर्या का अंतिम सीजन रिलीज के लिए तैयार है। आर्या 3 अंतिम वार का ट्रेलर जारी हो गया है। इसमें सुष्मिता सेन शेरनी जैसे तेवर दिखाती नजर आई हैं। ये सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर फरवरी में रिलीज होगी। तीसरा सीजन काफी धमाकेदार होने वाला है। इसमें दर्शकों को भरपूर एक्शन देखने को मिलेगा। ट्रेलर की शुरुआत में आर्या कहती नजर आती है। मेरी कहानी का हर पन्ना खून से लिखा था, पर सोचा नहीं था कि उसका अंत मेरे ही खून से होगा।

# रायसिंघानिया वर्सेस रायसिंघानिया का टीजर रिलीज, वकील के किरदार में आएंगी नजर ...



*मुंबई। कोड एम में मेजर की भूमिका निभाने के बाद प्रतिभाशाली अभिनेत्री जेनिफर विंगेट एक वकील की भूमिका में नजर आएंगी। एक वकील जो अपनी पहचान बनाने के लिए अपने ही पिता के खिलाफ जाएगी। वह अपनी शर्तों पर केस लड़ती नजर आएंगी। कोर्ट ड्रामा रायसिंघानिया वर्सेस रायसिंघानिया, सोनी लिव पर टेलीकास्ट होने वाला है। अब इस वेबसीरीज का टीजर रिलीज हुआ है। सीरीज में जेनिफर को केस का नेतृत्व करने का मौका नहीं मिलता है।*

## खबर संक्षेप

### सेजेस कोतरा में वार्षिक खेल उत्सव में दिखी हुनर

**रायगढ़।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोतरा में वार्षिक खेल उत्सव 2023 .24 का आज 23 जनवरी को मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी जीवन नायक, विशिष्ट अतिथि मनोज नट सब इंस्पेक्टर के कर कमलों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वार्षिक खेल महोत्सव में छात्र छात्राओं ने हाउस वाइस अरपा,शिवनाथ,महानदी, इनद्रावती चार भागो में बटकर कबड्डीए खो खोए डॉज बॉल,क्रिकेट,100 मीटर रेस, रिले रेस मैं बढ़ चढ़कर भाग लिया।जिसमे दो प्रकार की जूनियर और सीनियर टीम बनी। विशिष्ट अतिथि मनोज नट ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेल बहुत जरूरी है, शारीरिक विकास के लिए खेलना अति आवश्यक है।

### 17 आबकारी स्टाफ का सारंगढ़ ट्रांसफर

**रायगढ़।** नया जिला बनने के बाद भी सारंगढ़-बिलाईगढ़ में कई विभाग खाली ही थे। अवैध शराब बिक्री की इतनी शिकायतें मिलने के बाद भी आबकारी विभाग का अमला नहीं बढ़ाया जा रहा था। अब रायगढ़ से एक.दो नहीं 13 लोगों को सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला भेज दिया गया है। सारंगढ़-बिलाईगढ़ नया जिला बनाने के बाद वहां सेटअप के हिसाब से विभागों में पोस्टिंग ही नहीं दी गई। अब सरकार ने एक साथ 17 अधिकारी-कर्मचारी की पदस्थापना वहां की है। दिलचस्प बात यह है कि इसमें से 13 नाम तो रायगढ़ जिला कार्यालय से हैं जिनको अब सारंगढ़ में सेवा देनी होगी।

### अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन

**रायगढ़।** भारतीय वायुसेना एवं थलसेना में युवाओं की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाईन पंजीयन की अधिसूचना जारी की जा चुकी है। अग्निवीर वायुसेना की पंजीयन 6 फरवरी 2024 तक एवं अग्निवीर थलसेना की 8 फरवरी 2024 से 21 मार्च 2024 तक पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन कर सकते हैं। उपरोक्त दोनों सेवाओं के लिए 31 अक्टूबर 2024 को आयु सीमा 17 से 21 वर्ष निर्धारित है। ऑनलाईन पंजीयन हेतु जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्रए रायगढ़ए जिले के सभी शासकीय आईटीआई शासकीय पॉलिटेक्निक संस्थानए सभी महाविद्यालय सभी शासकीय उच्चमावि तथा कॉमन सर्विस सेंटर एवं लोकसेवा केन्द्र के माध्यम से पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

### निगम तैयार करेगा सौ साल पुराने वृक्षों की कुंडली

**रायगढ़।** शहर के पुराने वृक्षों का निगम प्रशासन द्वारा चिन्हांकित किया जाएगा। इन वृक्षों को विरासत के तहत सूचीबद्ध किया जाएगा। शहर में 100 साल के वृक्षों को चिन्हांकित किया जाएगा। ऐसे वृक्षों को विरासत घोषित कर विशेष रूप से संवर्धन किया जाएगा। भारत की प्राचीन विरासत में वृक्षों के रोपण संरक्षण एवं संवर्धन की परंपरा रही है। पुराने और विलुप्त हो रहे वृक्ष प्रजातियों के संरक्षण के प्रति जन जागरूकता लाई जाएगी। ऐसे वृक्ष जो न्यूनतम 100 वर्ष या 100 से अधिक वर्ष के हैं उसे सूचीबद्ध किया जाएगा। इन वृक्षों में बरगद, पीपल, इमली, नीम, महुआ, पारिजात, अर्जुन, जामुन, साल सहित विभिन्न प्रजाति के वृक्ष शामिल हैं।

### महिला उत्पीड़न को लेकर जागरुकता कार्यक्रम

**रायगढ़।** कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के प्रावधान रोकथाम निषेध व निवारण अधिनियम 2013 पर रायगढ़ डाक संभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के मध्य जागरूकता कार्यक्रम संभागीय कार्यालय रायगढ़ में एनके राजपाल अधीक्षक डाकघर रायगढ़ की अध्यक्षता में आतंरिक परिवाद समिति प्रधान डाकघर रायगढ़ व आतंरिक परिवाद समिति संभागीय कार्यालय के सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक में संभागीय कार्यालय की आंतरिक परिवाद समिति की सदस्य डॉ. रितु शर्मा, मेडिको सोशियो वर्कर, मेडिकल कॉलेज रायगढ़ पंकज पटेल उपस्थित रहेंगे।

## धान खरीदी का लक्ष्य पूरा करने 7 लाख क्विं. की खरीदी शेष

# खरीदी को केवल 3 दिन शेष कतार में 20 हजार किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इस खरीफ सीजन में धान बेचने के लिए 23 से 31 जनवरी तक अब सिर्फ 3 दिन ही शेष बचे हैं। वहीं धान खरीदी का लक्ष्य पूरा करने के लिए करीब 7 लाख क्विंटल धान की खरीदी करनी शेष है। अहम बात यह है कि रिकार्ड के अनुसार अब भी करीब 20 हजार किसानों अपने धान नहीं बेचें हैं।

इस बार धान बेचने लिए 83 हजार किसानों ने पंजीयन कराया गया था और जिले में धान खरीदी का लक्ष्य करीब 50 लाख क्विंटल रखा गया है। जिसमें अब तक करीब 86 फीसदी की खरीदी हो चुकी है। किंतु बड़ी समस्या यह है कि लक्ष्य के मुताबिक शेष 14 फीसदी खरीदी के लिए अवकाश के दिनों को छोड़ दें तो महज 3 ही दिन शेष बचे हैं। वहीं अब तक धान खरीदी की अवधि बढ़ाने को लेकर कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसी स्थिति में विभाग के साथ साथ ही किसान भी असममंस्य में नजर आ रहे हैं। मौसम की बेरूखी की वजह से ही अब धान खरीदी का समय बहुत ही कम बचा है और अब भी करीब 20 हजार किसानों ने धान नहीं बेचे हैं।



### इस सप्ताह सिर्फ एक दिन हुई आवक

जानकारी के अनुसार 22 जनवरी से लेकर 28 जनवरी तक यानी इस एक सप्ताह में 22 को ही खरीदी हो पाई, इसके अलावे 23 जनवरी को मौसम ने फिर एक बार किसानों का साथ नहीं दिया और उपार्जन केन्द्रों में खरीदी बंद करनी पड़ी। किसान व समिति प्रबंधन मौसम खुलने का इंतजार ही करते रह गए।

### किसानों को सता रही चिंता

अहम बात यह है कि मौसम की बेरूखी के कारण जो किसान अपनी धान नहीं बेच आए हैं, उन्हें अब चिंता सताने लगी है। क्योंकि अवकाश के दिनों को छोड़ दें तो धान खरीदी के लिए काफी कम दिन शेष हैं।



### अवैध धान की आवक रोकने कड़ी निगरानी के निर्देश

अवैध धान की आवक रोकने जिले के अंतर्राज्जीय सीमावर्ती क्षेत्रों में सतत निगरानी के साथ ही समिति स्तर पर संलिप्त पाए जाने वाले लोगों पर कार्रवाई करें, एसडीएम ऐसे क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण कर वाहनों की जांच करें। उक्त बातें आज कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में कही। कलेक्टर श्री गोयल ने जिले के उपार्जन केन्द्रों में पंजीकृत किसान एवं रकबा समर्पण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि तीन टोकन का उपयोग करने वाले किसानों का रकबा समर्पण का कार्य तेजी से करवाए। उन्होंने कृषि विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि उर्वरक निरीक्षक जिले में उपलब्ध उर्वरक स्टॉक का विधिवत सत्यापन का कार्य पूर्ण कर मिलान करें। कलेक्टर श्री गोयल ने बैठक में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की गरिमापूर्ण आयोजन की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को उनको दिए दायित्व अनुसार तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को फुल ड्रेस रिहर्सल में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया।

# अवैध धान खपाने की शिकायत पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



थाना धरमजयगढ़ क्षेत्र अंतर्गत सिसरंगा धान उपार्जन केंद्र में 21 जनवरी को दो ट्रैकों में अवैध धान लाकर खरीदी केंद्र में अवैध तरीके से खापये जाने की सूचना ग्रामीणों द्वारा तहसीलदार धरमजयगढ़, खाद्य विभाग व धरमजयगढ़ पुलिस को दिया गया। शिकायत पर तहसीलदार धरमजयगढ़, खाद्य निरीक्षक तथा टी आ ई धरमजयगढ़ अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से पूछताछ कर जांच किया गया जिसमें धान खरीदी केंद्र प्रभारीए प्रबंधक द्वारा राइस मिल के संचालक से साठगांठ कर अवैध धान को उपार्जन केंद्र में खापने लाना पाया गया। 23 जनवरी को खाद्य निरीक्षक अजीत कुजूर, द्वारा थाना धरमजयगढ़ में मामले में संलिप्त व्यक्तियों पर कार्रवाई करने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिस पर थाना प्रभारी धरमजयगढ़ द्वारा धान खरीदी केंद्र प्रभारी, ऑपरेटर, प्रबंधक, राइस मिलर के संचालक व दोनों ट्रक चालकों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर धान खरीदी केंद्र के प्रबंधक. सहदेव कुमार राय और धान केन्द्र प्रभारी ऑपरेटर. पुरूषोत्तम दास महतं को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

■ आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया

21 जनवरी को धान उपार्जन केन्द्र सिसरिंगा में दो वाहन ट्रक कमांक यूपी 21 सीएन 7070 एवं यूपी 21 डीटी 3930 में कमशः 950.950 बोरे धान आया था। धान के बोरों में काडरो अंकित था, जो सिसरिंगा धान उपार्जन केन्द्र से संबंधित नहीं थे। जांच टीम द्वारा ट्रक में लोड धान के दस्तावेजों को चेक पर पता चला कि 21 जनवरी के शाम धान, उपार्जन केन्द्र काडरो लुडेग से दोनों ट्रक मां कमला श्री राइस मिल पत्थलगांव में धान परिदान के लिए निकली है। ट्रक चालकों द्वारा पूर्व सुजिनयोजित तरीके से धान मां कमला श्री राइस मिल पत्थलगांव में अनलोड खाली न कर अवैध लाभार्जन के लिए धान उपार्जन केन्द्र सिसरिंगा में लाया गया था। जांच में धान खरीदी केंद्र प्रभारी, प्रबंधक, संचालक मां कमला श्री राइस मिल पत्थलगांव जिला जशपुर और वाहन चालक ऋतिक एवं वाहन चालक सर्पराज की संलिप्तता पायी गई। आरोपियों के विरूद्ध आज थाना धरमजयगढ़ में धारा 409, 34 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक अमित कुमार तिवारी द्वारा अपराध विवेचना दरम्यान गवाहों से पूछताछ कर घटनास्थल की जांच कर दोनों ट्रकों में कमशः 950 बोरे धान व 950 बोरे धान कुल 1900 बोरे धान किमती करीबन 16,59,080 रूपये' तथा ट्रक क्रमांक यूपी 21 सीएन 7070 ;कीमत 15 लाख एवं ट्रक क्रमांक यूपी 21 डीटी 3930 कीमत 15 लाख जुमला कीमती 46.59 लाख रूपये की जब्ती की गई और आरोपी सहदेव कुमार राय पिता सुकलाल राय उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम सिसरिंगा थाना धरमजयगढ जिला रायगढ़, पुरूषोत्तम दास महंत पिता रामेश्वर दास महंत उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम सिसरिंगा, थाना धरमजयगढ़ को गिरफ्तार कर ज्युडिसियल रिमांड प्राप्त करने कोर्ट भेजा गया है।

# राज्य स्तरीय टीम का निरीक्षण, प्रदूषण फैलाने के लिए उद्योग प्रबंधन को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तराईमाल का सिंघल इंटरप्राइजेस प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों में सबसे आगे है। पर्यावरण विभाग ने निरीक्षण में पाया कि सीमा से अधिक प्रदूषित धुआं छोड़ा जा रहा था। उद्योग को नोटिस दिया गया है। हाल ही में रायपुर से पर्यावरण संरक्षण मंडल की टीम रायगढ़ पहुंची थी। क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी के साथ टीम ने सिंघल एंटरप्राइजेस तराईमाल का निरीक्षण किया।

इस दौरान पाया गया कि उत्सर्जित धुआं लिमिट से अधिक प्रदूषित था। किलन नंबर 5, 6, 7, 8 से हैवी एमीशन छोड़ा जा रहा था। ओपेसिटी मीटर का डाटा और वास्तविक स्थिति में समानता ही नहीं थी। स्टेक से निकल रहा धुआं बहुत ज्यादा प्रदूषित था। प्लांट परिसर में दो स्थानों पर प्रदूषण स्तर मापा गया जो निर्धारित सीमा से कहीं अधिक मिला। कारखाना परिसर के अंदर ही कई जगहों पर फ्लाई एश डंप पाया गया। सिंघल इंटरप्राइजेस संचालक को नोटिस दिया गया है। प्लांट को प्रदूषण नियंत्रण के लिए जो नियम पालन करने हैं, वे नहीं किए जा रहे हैं। वायु प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण अधिनियम 1981 की धारा 31 ए के तहत नोटिस दिया गया है।

उद्योग प्रबंधन को कहा गया है कि वे वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों को प्लांट चालन के समय हमेशा चालू रखें। स्टेक एमीशन और ओपेसिटी मीटर को कनेक्टेड रखें ताकि सही डाटा सामने आए। पानी का छिड़काव प्लांट परिसर में किया जाए। परिसर के अंदर डंप फ्लाईएश को हटाया जाए।

### एक पखवाड़े का दिया समय

पर्यावरण संरक्षण मंडल के निर्देशों का पालन कर 15 दिनों के अंदर जवाब प्रस्तुत किया जाना है। तय समय में जवाब नहीं देने पर कार्रवाई की जा सकती है। सूत्रों के मुताबिक निरीक्षण के समय सिंघल एनर्जी से बेहद प्रदूषित धुआं बिना ट्रीटमेंट के वातावरण में छोड़ा जा रहा था।

# रायगढ़ व सारंगढ़ के 10 में 183 गैरमुस्लिम बच्चे कर रहे पढ़ाई

**रायगढ़।** रायगढ़ के 8 और सारंगढ़ के 2 मदरसों में क्रमशः 178 एवं 5 गैर मुस्लिम बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। इस मामले में राष्ट्रीय बाल अधिकार सरंक्षण आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर इसका जानकारी मांगी थी। वहीं अब लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा समस्त जिले के शिक्षा अधिकारियों को जांच कर मदरसों में अध्ययनरत गैर मुस्लिम बच्चों को औपचारिक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए विद्यालयों में शिफ्ट करने को लेकर निर्देशित किया है। मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय बाल अधिकार सरंक्षण आयोग ने बीते करीब एक साल पहले कार्रवाई की मांग की थी, इसमें कहा गया था कि मदरसों में गैर मुस्लिम बच्चों का प्रवेश संविधान के अनुच्छेद 28(3) का उल्लघंन है। यही वजह है कि राज्य के सचिवों को इस मामले में तलब किया गया था। मुख्य सचिवों को भेजे गए नोटिस में कहा गया था कि शैक्षणिक संस्थानों को बच के माता पिता की सहमति के बिना बच्चों को किसी मजहबी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है।

■ औपचारिक शिक्षा देने स्कूलों में शिफ्ट करने के शासन ने दिए निर्देश




### इसके बाद उठाया गया कदम

उत्तराखंड के मदरसों में हिंदू बच्चों को इस्लामिक शिक्षा देने की बात सामने आई थी और इसी बात को लेकर विवाद भी शुरू हो गया था। यही वजह है कि इसके बाद राष्ट्रीय बाल अधिकार सरंक्षण आयोग द्वारा देश भर में मदरसों में पढ़ने वाले हिंदू सहित अन्य गैर मुस्लिम बच्चों की जानकारी मांगी गई है।

### मदरसों की मैपिंग के निर्देश

बीते 4 जनवरी को लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा समस्त जिला शिक्षाधिकारियों को दिए गए आदेश में कहा गया है कि सभी अनमैप्ड मदरसों की मैपिंग करने तथा सभी बच्चों को तत्काल प्रभाव से औपचारिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए स्कूल में प्रवेश देने के लिए कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# पहाड़ मंदिर में चला स्वच्छता अभियान

**रायगढ़।** स्वच्छ तीर्थ अभियान अंतर्गत शनिवार को गजमार पहाड़ी स्थित हनुमान मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। निगम आयुक्त के निर्देशानुसार सुबह साफ सफाई करने के साथ ही फूल माला अगरबत्ती बेचने वालों को सिंगल यूज प्लास्टिक, झिल्ली में उपयोग बंद करने के निर्देश दिए गए।



कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी के निर्देशन में पहाड़ मंदिर की सफाई 7.30 बजे से शुरू हुई। सबसे पहले निगम की टीम पहाड़ मंदिर की 600 सीढियां को चढ़कर ऊपर पहुंचे। इसके बाद परिसर की साफ-सफाई अभियान शुरू हुआ। सबसे पहले मंदिर परिसर में जहां पर भी कूड़ा, करकट कचरा था। उसे एकत्र किया गया और सफाई की गई। इसके बाद पूरे परिसर मंदिर परिसर पर झाड़ू लगाई गई। झाड़ू लगाने के उपरांत मंदिर परिसर को पानी से धोया गया, यहां ज्यादातर फूल, माला, पानी प्लास्टिक और नारियल बुच के कचरा मिले, जिसे एकत्र कर डिस्पोज के लिए भेजा गया। सफाई के दौरान पुजारी ने श्रद्धालुओं द्वारा नारियल फूल अगरबत्ती लाने के लिए प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग करने की बात कही जिस पर कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने नीचे उतरकर जितने भी दुकान संचालक है उन्हें सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग नहीं करने के निर्देश दिए। निर्देश के बाद भी अगर सिंगल युज प्लास्टिक उपयोग करने पाए जाने पर चलानी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। इस दौरान मंदिर से उतरते समय पूरे सीढ़ियों में झाड़ू लगाया गया एवं नीचे के परिसर की भी सफाई की गई। अभियान के दौरान उपायुक्त सुतीक्ष्ण यादव, कार्यपालन अभियंता अमरेश लोहिया सहित सभी एसएलआरएम सेंटर सुपरवाइजर, मिशन प्रेरक, निगम के कर्मचारी अधिकारी आदि उपस्थित थे। स्वच्छ तीर्थ अंतर्गत शहर के सभी मंदिरों की सफाई की जा रही है। इसमें 21 जनवरी रविवार को शनि मंदिर एवं परिसर की सफाई की जाएगी। निगम प्रशासन ने सफाई अभियान में अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने और श्रमदान करने कर शहरवासियों से अपील की है।

## झलमला में भागीरथ कालेज का शुभारंभ

**झलमला।** पुसौर विकासखंड अंतर्गत हाइवे 49 के करीब बसे झलमला गांव में 21 जनवरी को भागीरथ महाविद्यालय का शुभारंभ किया गया। साथ ही डिवाइन लाइफ स्कूल में वार्षिकोत्सव का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय व रायगढ़ विधायक वित्त मंत्री ओमप्रकाश चौधरी की माता श्रीमती कौशल्या चौधरी मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद रहे। अतिथियों ने फीता काटकर कॉलेज भवन का उद्घाटन किया। ग्रामीणों ने आतिशबाजी और पुष्पवर्षा कर अपनी खुशी जाहिर की। झलमला के समाज सेवी शिक्षा के क्षेत्र में विशेष रुचि रखने वाले स्व. भागीरथी पटेल के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण व अभिभावकगण मौजूद रहे।

## शराब के नशे में दो महिलाओं से मारपीट, एक की मौत

**रायगढ़।** खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत अटल आवास मे रहने वाली दो महिलाओं के साथ शराब के नशे मे धुत्त दो युवको ने मारपीट की और इस मारपीट में एक महिला की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां न्यायालय ने दोनों को दोषी मानते हुए 2 वर्ष की सजा सुनाई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अटल आवास निवासी मालती सिदार अपनी माता पनबुड़ी सिदार के साथ 18 अक्टूबर 2021 को शाम करीब 5 बजे घर के बाहर बैठी थी, तभी करण राजपूत व अर्जुन राजपूत नशे की हालत में आए और दोनों महिलाओं से गाली गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान मालती बुरी तरह से घायल हो गई, जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में दोनों आरोपियों को पुलिस ने धारा 294, 323, 302, 34 गिरफ्तार किया।

## कार की टक्कर से बाइक सवार हेडमास्टर के हाथ पैर टूटे


**रायगढ़।** स्कूल जा रहे मोटर सायकिल सवार हेडमास्टर को कार सवार ने इस कदर अपनी चपेट में लिया कि हाथ पैर की हड्डी फ्रै क्चर होने पर उसे रायपुर रेफर करना पड़ा। बेलगाम रफ्तार के कहर का यह मामला शहर के जूटमिल थाना क्षेत्र का है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मिड़मिड़ा के वार्ड नंबर 13 निवासी सुरेंद्र कुमार गुप्ता ;59 वर्षद्ध शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डूमरपाली में प्रधान पाठक के रूप में पदस्थ है। ग्राम पंचायत गढ़उमरिया में संकुल बैठक होने पर एचएम गुप्ता मीटिंग में शामिल होकर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 एक्स 2607 से स्कूल जा रहे थे। इस दौरान विपरीत दिशा से अपेक्षाकृत तेज और लापरवाही पूर्वक गति से आ रहे कार क्रमांक सीजी 13 एएस 9145 के चालक ने उसे ठोक दिया। चार पहिया वाहन की गिरफ्त में आने से क्षतिग्रस्त बाईक के साथ गिरने वाला सुरेंद्र जख्मी हो गया। राहगीरों की मदद से जब घायल को नजदीकी पुसौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया तो प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला मुख्यालय भेजा गया।

# 12 टन आयरन मटैरियल की हेराफेरी ऑपरेटर और ड्रायवर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पूंजीपथरा पुलिस द्वारा स्थानीय सिंघल इंटर प्राईजेस प्राईवेट लिमिटेड तराईमाल के कांटा ऑपरेटर धीरज मिश्रा और ट्रेलर वाहन के ड्राइवर सोनू कुमार को धोखाधड़ी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। आरोपियों द्वारा मिली भगत कर प्लांट में सप्लाई होने वाली आयरन पेलेट ओर में गड़बड़ी कर 12 टन माल को बेचने जंगल में छिपा रखे थे जिसे पुलिस ने जब्त किया है।

प्लांट के कांटा ऑपरेटर और ट्रेलर वाहन के चालक की गड़बड़ी को लेकर 17 जनवरी को थाना पूंजीपथरा में प्लांट के सुरक्षा अधिकारी द्वारा आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कर बताये कि 14 जनवरी को स्टील पावर लिमिटेड जामगांव से वाहन क्रमांक सीजी 13 एलए 4525 में चालक सोनू कुमार आयरन ओर प्लेट लोड कर प्लांट में लाया जो वाहन में लोड आयरन एवं प्लेट का कांटा कराने पश्चात अनलोड पाईंट गई। वाहन में लोड सामान कम होने की शंका पर पुनः कांटा कराया गया तो कांटा पर्ची में दर्शित 63.230



मेट्रिक टन में 12 टन कम होना पाया गयाए ड्राइवर गाड़ी छोड़कर मौके से भाग निकला। प्लांट अधिकारियों ने जांच में पाया कि वाहन चालक द्वारा कांटा आपरेटर धीरज मिश्रा से मिली भगत कर कांटा पर्ची में 12 टन मटेरियल कम होने के पश्चात 63.230 टन उल्लेख कर कंपनी को धोखाधडी किया गया है। थाना प्रभारी पूंजीपथरा द्वारा दोनों आरोपियों पर धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया गया। पुलिस टीम ने फरार आरोपी ड्रायवर द्वारा जंगल में डंप किये 12 टन आयरन मटेरियल कीमती 1.25 लाख रुपए को जप्त कर दोनों आरोपी सोनू महंत पिता कृष्णा महंत उम्र 23 साल निवासी विजयनगर थाना कापू हाल मुकाम गोरखा थाना कोतरारोड़, धीरज मिश्रा पिता स्वर्गीय प्रभाकर मिश्रा उम्र 39 साल निवासी रेलीगडा थाना गिद्दी जिला हजारीबाग हाल मुकाम सिंघल इंटरप्राइजेस तराईमाल थाना पूंजीपथरा को गिरफ्तार कर धोखाधड़ी के अपराध में रिमांड पर भेजा गया।

### किसान की जेब से एक लाख कैश ले उड़े चोर

**रायगढ।** किडनी का इलाज कराकर रायपुर से लौटे एक किसान की पैंट की जेब में रखे 1 लाख 5 हजार रुपए को अज्ञात चोर उड़ा ले गया। कपड़े सहित रकम चोरी की यह घटना सारंगढ़ थाना क्षेत्र की है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कौवाताल में रहने वाला सुभाष चन्द्र बघेल 58 वर्ष खेती किसानी करता है। चूंकि सुभाष को किडनी संबंधी बीमारी की शिकायत है इसलिए वह घर से 1 लाख 43 हजार रुपए उपचार के सिलसिले में रायपुर गया था। राजधानी के डॉक्टर से इलाज कराने वाला सुभाष वापस लौटा तो रात में 1 लाख 5 हजार रुपए को पेंट की जेब मे रखते हुए उसे घर की खूंटी में टांग कर सो गया। सुबह जब नींद खुली तो पैंट को खूंटी से गायब देख सुभाष के होश उड़ गए। उसने पूरा घर छान मारते हुए परिजनों से भी पूछताछ कीए मगर न रुपए मिले और न ही पैंट। किसान को आशंका है कि जब वह नींद में गाफिल था तो आधी रात को कोई बरामदे से होते हुए घुसा और रुपए रखे पैंट को लेकर नौ दो ग्यारह हो गया।

### विक्षिप्त ने की मंदिर में तोड़फोड़, गिरफ्तार

**रायगढ़।** खरसिया के ग्राम नहरपाली में सरकारी तालाब के पास स्थित शिव जी की मंदिर में तोड़फोड़ कर मंदिर से समान उठाकर ले जाने वाले विक्षिप्त व्यक्ति को पुलिस ने पकड़कर उससे सामान बरामद कर लिया है। वहीं सामान को नहरपाली गांव वालों को थाने बुलाकर सौंप दिया गया है। मामला भूपदेवपुर थाना क्षेत्र की है। विगत 19 जनवरी को नहरपाली गांव के तेजस पटेल, धर्मेश नायक, धर्मेश सिदार, विकास खडिया, दिगंबर राठिया, करण राठिया ने लिखित शिकायत के माध्यम से सूचना दिया कीए ग्राम नहरपाली में सरकारी तालाब के पास स्थित शिव जी की मंदिर में असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ किया गया है।

